भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 001
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001

फा.सं. रा.भा. 10(1)/2018-हिन्दी   दिनांक : 16 अगस्त, 2018

परिपत्र

विषय:- केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों में 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी सप्ताह/पखवाड़ा/चेतना मास का आयोजन करने के संबंध में

प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हम हिन्दी दिवस के रूप में मनाते हैं। किसी भी देश की भाषा उस देश की सामाजिक, सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रवाद की परिचायक होती है। भारत जैसे देश में अनेक भाषाएं हैं, ऐसे में हिन्दी भारत की संपर्क एवं संचार की भाषा के रूप में लोगों को जोड़ने का काम करती है। सरकारी काम काज में राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता तथा उसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से केन्द्रीय सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागों/ कार्यालयों में 14 सितम्बर को या उसी दिन से हिन्दी सप्ताह/पखवाड़ा/चेतना मास का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर कार्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की जाती हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरणा और प्रोत्साहन के माध्यम से सरकारी काम काज में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना है।

अत: अनुरोध है कि अपने संस्थान में उपलब्ध वित्तीय संसाधनों को ध्यान में रखते हुए हिन्दी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा/चेतना मास का आयोजन करें और इसमें दी जाने वाली पुरस्कार राशि को सम्मानजनक बनाने हेतु अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस अवसर पर माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जी का एक प्रेरणाप्रद संदेश भी पोस्टर के रूप में अलग से जारी किया जा रहा है।

सीमा चोपड़ा 16.8.18

(सीमा चोपड़ा)
निदेशक (राजभाषा)

वितरण : 1. भा.कृ.अ.प. के अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/ब्यूरो/केन्द्रों के निदेशक।
2. गार्ड फाइल ।
3. मीडिया यूनिट। कृपया इसे परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करें।